**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेन्ट प्लांट, हरिद्वार**

**विज्ञापन संख्या: HWR-01/2025**

# Assistant Technical Consultants की नियुक्ति

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बी.एच.ई.एल.),1964 से भारत का प्रमुख इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम है, जो विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है और भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों जैसे कि बिजली (थर्मल, परमाणु, जल, और सौर) उत्पादन और ट्रांसमिशन, रक्षा, एयरोस्पेस, तेल और गैस, ई-मोबिलिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 180 से अधिक उत्पाद प्रदान करता है। बीएचईएल अपने 16 विनिर्माण संयंत्रों, 08 सेवा केन्द्रों, 15 क्षेत्रीय विपणन केन्द्रों, 04 क्षेत्रीय कार्यालयों, 02 मरम्मत इकाइयों, 3 सक्रिय संयुक्त उपक्रमों और भारत एवं विदेशों में 150 से अधिक वर्तमान परियोजना स्थलों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाकर, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीयता वाले उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी ने 2023-24 के लिए ₹23,893 करोड़ से अधिक का कारोबार हासिल किया। कंपनी की उपस्थिति सभी 6 निवास योग्य महाद्वीपों के 89 देशों में व्याप्त है।

बी.एच.ई.एल., हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेन्ट प्लांट (एचईईपी), हरिद्वार, उत्पादन और अन्य कार्यों के लिए Assistant Technical Consultants के 41 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

ट्रेड के अनुसार, पदों का विवरण इस प्रकार है:

| ट्रेड/ विभाग | डीएबीजी | ईएम | टरबाइन | एफबीएम व डब्ल्यूटी | डब्ल्यूई व एस | गुणता | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लैकस्मिथ | | 1 | | | | | 1 |
| इलेक्ट्रिशियन | 3 | 3 | | | | | 6 |
| फिटर | 1 | 5 | | | 3 | | 9 |
| मशीनिष्ट | 8 | 1 | 1 | | | 1 | 11 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल (MMV) | | | | 1 | | | 1 |
| टर्नर | 5 | 1 | 1 | | | | 7 |
| वेल्डर | 1 | 4 | | | 1 | | 6 |
| कुल | 18 | 15 | 2 | 1 | 4 | 1 | 41 |

*नोट: रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन सम्भव है ।*

## नियुक्ति की अवधि:

नियुक्ति की अवधि एक वर्ष के लिए होगी जिसे एक बार में एक वर्ष तक या कार्य पूरा होने तक (जो भी पहले हो) बढ़ाया जा सकता है। हालाँकि, अधिकतम कार्यकाल पाँच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) सीमित होगा।

## कार्य विवरण:

Assistant Technical Consultant शॉप फ्लोर में संबंधित विभाग प्रमुख द्वारा निर्देशित कार्यों को निष्पादित करेंगे।

**पात्रता मानदंड:**

निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों/केन्द्र/राज्य सरकारों/ सांविधिक निकायों के सेवानिवृत्त कर्मचारी जो बी.एच.ई.एल. के कामगार कर्मचारी (Non-Executive) के समकक्ष हों**,** आवेदन कर सकते हैं:

(i) **आयु (01.05.2025 को)**: आवेदक की आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

नोट: वीआरएस (VRS) योजना के तहत सेवानिवृत्त आवेदक 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ही आवेदन करने लिए पात्र होंगे। भूतपूर्व सैनिकों के लिए न्यूनतम आयु में छूट होगी तथा इनकी नियुक्ति अवधि 05 वर्ष या 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक सीमित होगी।

(ii) **शैक्षिक योग्यता**: आवेदक के पास संबंधित ट्रेड में नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (NTC) होना चाहिए।

(iii) **कार्य अनुभव (01.05.2025 तक)**: पिछले 20 वर्षों की सेवा के दौरान उच्च क्षमता वाले टरबाइन या जनरेटर के निर्माण/उत्पादन में न्यूनतम 15 वर्ष का योग्यता-पश्चात अनुभव।

**चयन प्रक्रिया:**

अधिसूचना के तहत प्राप्त आवेदनों की एक समिति द्वारा जांच की जाएगी और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को विधिवत गठित चयन बोर्ड द्वारा**,** यदि आवश्यक हो, विचार-विमर्श (interaction) के लिए बुलाया जाएगा।

विचार-विमर्श (interaction) के लिए बुलाए गए हरिद्वार से बाहर के उम्मीदवारों को निम्नानुसार यात्रा व्यय (निकटतम मार्ग) की प्रतिपूर्ति की जाएगी:
(i) रेल द्वारा: एसी-II स्लीपर
(ii) सड़क मार्ग से: वास्तविक व्यय, ट्रेन के एसी-II स्लीपर के किराये से अधिक नहीं ।

**परिलब्धियाँ:**

Assistant Technical Consultants को **40,000/-** रुपये (चालीस हजार रुपये) प्रति माह का समेकित शुल्क दिया जाएगा। इसके अलावा, नीति के अनुसार मोबाइल फोन के एक कनेक्शन के लिए प्रतिमाह मोबाइल बिल शुल्क (**2,000/-** रुपये तक)**,** लागू दरों के अनुसार मकान किराया भत्ता और परामर्श शुल्क का **10%** परिवहन भत्ता दिया जाएगा। वे नियमों के अनुसार आधिकारिक दौरों पर टीए/डीए के लिए पात्र होंगे। Assistant Technical Consultants को किसी भी तरह की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान नहीं की जाएगी।

**आवेदन कैसे करें:**

1. आवेदकों को नीचे संलग्न निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, अभिरुचि पत्र (LOI) भरकर तथा बिंदु संख्या 2 में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ निम्नलिखित पते पर व्यक्तिगत रूप से/ डाक द्वारा भेजना अनिवार्य है :

कार्यपालक (मानव संसाधन), कमरा नंबर 29,
मानव संसाधन **-** भर्ती अनुभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन,
बीएचईएल, रानीपुर, हरिद्वार, उत्तराखंड, पिन – 249403

2. आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है:
   (i) जन्म तिथि का प्रमाण ।
   (ii) शैक्षिक योग्यता ।
   (iii) अनुभव प्रमाण पत्र ।
   (iv) अंतिम संगठन से कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र ।

3. आवेदन पत्र, अभिरुचि पत्र (LOI) और आवश्यक दस्तावेजों को लिफाफे में डालकर एवं लिफाफे के ऊपर " Assistant Technical Consultant के पद के लिए आवेदन (ट्रेड का नाम ___________)**"** लिखना अनिवार्य है।

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन प्राप्त होने में किसी भी डाक हानि / देरी के लिए बीएचईएल जिम्मेदार नहीं होगा।

**<u>सामान्य निर्देश:</u>**

1. विज्ञापन में दर्शाई गई अनिवार्य अर्हताओं की पूर्ति न होने या आवेदन के अधूरा होने की स्थिति में, ऐसे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
2. चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में आवेदकों की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन होगी।
3. वे सभी उम्मीदवार/आवेदक पात्र नहीं होंगे**,** जिन्हें निम्लिखित में से कोई भी बड़ा दंड (Major Penalty) मिला हो:
   (i) सेवा से निष्कासन |
   (ii) बर्खास्तगी |
   (iii) अनिवार्य सेवानिवृत्ति |
4. बीएचईएल को आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/पुनः खोलने का अधिकार है।
5. आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
6. संलग्न दस्तावेज सुपाठ्य रूप में होने चाहिए**,** अर्थात विषयवस्तु पठनीय होनी चाहिए। धुंधली/संपादित प्रतियों को संलग्न करने पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
7. नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने से पहले संबंधित संगठन से सतर्कता मंजूरी (Vigilance Clearance) प्राप्त की जाएगी।
8. Assistant Technical Consultant को अनुबंध अवधि के दौरान किसी अन्य कार्य/नियुक्ति को स्वीकार करने की अनुमति नहीं होगी।
9. आवेदकों को कम से कम 6 महीने तक अपना ई-मेल आईडी सक्रिय रखना होगा क्योंकि इस अधिसूचना के संबंध में कोई भी महत्वपूर्ण सूचना/नोटिस केवल ई-मेल के माध्यम से ही बीएचईएल द्वारा प्रदान की जाएगी। उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे इस संबंध में बीएचईएल से किसी भी संचार के लिए नियमित रूप से अपना ई-मेल चेक करें।

**<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ:</u>**

| | |
|---|---|
| आवश्यक अनुलग्नकों के साथ आवेदन प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि | 09.05.2025 |
| आवश्यक अनुलग्नकों के साथ आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 27.05.2025 |